दया करो माँ दया करो

दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
देर भई बड़ी देर भई,
यूँ न देर लगाया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो....

मुद्दत हो गयी हाथ पसारे अभी सुनी फरियाद नहीं,
अभी सुनी फरियाद नहीं,
माँ जग जननी इन् बच्चों का आयी तुम्हे क्यों याद नहीं,
आयी तुम्हे क्यों याद नहीं,
हम हैं बड़े कमज़ोर,
हम हैं बड़े कमज़ोर हमारा सब्र न यूँ आज़माया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो....

धुनि रमाई अलख जगाई बिगड़ी बना दो बात माँ,
बिगड़ी बना दो बात माँ,
अष्टभुजी माँ बच्चों के सिर कोई तो रख दो हाथ माँ,
कोई तो रख दो हाथ माँ,
जीतें हैं जो तेरे सहारे,
जीतें हैं जो तेरे सहारे उनको न तड़पाया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो....

सच्चे मन से चिंता हरनी हम तो पुकारे जाएंगे,
हम तो पुकारे जाएंगे,
तू ही सुनेगी तुझे कहेंगे झोली यहीं फैलाएंगे,
झोली यहीं फैलाएंगे,
छोड़ेंगे न चरण तुम्हारे,
छोड़ेंगे न चरण तुम्हारे चाहे हमें ठुकराया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
देर भई बड़ी देर भई,

यूँ न देर लगाया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो,
दया करो माँ दया करो,
अब तो मुझ पर दया करो.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26811/title/dya-karo-maa-dya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |